तापमान
अधिकतम 44.8 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 17 मई, 2025

12 तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब सेना के शौर्य को नमन..

12 जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर के छात्र छाए

खबर संक्षेप

गैस सिलेंडर और गाड़ी की बैटरी चोरी में एक दबोचा

हिसार। आजाद नगर थाना पुलिस ने गैस सिलेंडर और गाड़ी की बैटरी चोरी के मामले में डाबड़ा निवासी अमित को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही पंकज ने बताया कि इस संबंध में डाबड़ा निवासी सुनील ने 24 फरवरी को उसके खेत में बने पशु बाड़े से गैस सिलेंडर और उसके पड़ोसी की गाड़ी से बैटरी चुराने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर केस दर्ज करके कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त आरोपी अमित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी शुदा गैस सिलेंडर और बैटरी बरामद की है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आई फोन चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

हिसार। शहर पुलिस ने बस स्टेंड से आईफोन चोरी के मामले में गांव डाया निवासी सुनील उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही नवीन कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी सुनील उर्फ सोनू ने अपने साथी सतीश के साथ मिलकर बस स्टेंड हिसार से 28 अप्रैल को आईफोन चोरी किए थे। आरोपी सतीश को 14 मई की शाम को चोरीशुदा मोबाइल सहित काबू किया गया था। पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ सोनू से भी चोरीशुदा एक आईफोन बरामद किया है। सुनील को आगामी कार्रवाई के लिए अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में अब तक दो आईफोन बरामद हो चुके है और मामले की जांच जारी है।

553 ग्राम गांजा के साथ किया गिरफ्तार

नारनौंद। नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर कार्रवाई करते हुए थाना नारनौंद पुलिस ने 553 ग्राम गांजा सहित नारनौंद के वार्ड चार निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। थाना नारनौंद पुलिस की हेड कांस्टेबल सुषमा वीरवार को पुराने बस स्टैंड पर खड़ी हुई थी। उनको सूचना मिली कि एक व्यक्ति वार्ड नंबर चार नारनौंद में अपने घर के सामने नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। अगर तुरंत प्रभाव से रेड की जाए तो काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति का शक के आधार पर हिरासत में लिया। बाद में तलाशी के दौरान उसके पास 553 ग्राम गांजा बरामद हुआ। मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

शराब पीने से रोकने पर पत्नी से मारपीट

बरवाला। वार्ड नंबर एक में एक महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता सुनीता ने इस संबंध में अपने पति रविन्द्र के खिलाफ पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता का आरोप है कि घटना में उनके ससुराल वालों ने भी रविंद्र का साथ देते हुए सुनीता और उनके परिजनों पर हमला किया।

मकान का स्थानांतरण करने की एवज में 30 हजार रिश्वत ली

एसीबी की टीम ने कोआपरेटिव सोसायटी के निरीक्षक व उप निरीक्षक को दबोचा

रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़े गए दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते कोआपरेटिव सोसायटी के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में शहर की फ्रेंडस कॉलोनी निवासी रविन्द्र ने एसीबी को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उसके पिताजी के नाम (सोसायटी कार्ड पर) 120 गज का मकान फ्रेंडस कालोनी में पंजीकृत था। उनके पिता जी की मृत्यु वर्ष 2022 में हो चुकी है। उसने अपने पिता के नाम से पंजीकृत मकान का स्थानातंरण अपनी माता जी के नाम करवाने के लिये कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी में फाइल लगाई लेकिन मकान का कार्ड उसकी माता के नाम स्थानातरंण करने की एवज में निरीक्षक हरबंस द्वारा उससे 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के निरीक्षक जयसिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शुक्रवार को शिकायतकर्ता सोसायटी के लाजपत नगर स्थित कार्यालय पहुंचा और निरीक्षक हरबंश व उप निरीक्षक सोनू से उक्त मकान बारे बातचीत की। दोनों ने जैसे ही रिश्वत की बात दोहराई तो शिकायतकर्ता रविन्द्र ने 30 हजार रुपये उन्हें दे दिए। जैसे ही दोनों ने यह रिश्वत ली, एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

हिसार। एंटी करप्शन ब्यूरो की गिरफ्त में आरोपी। फोटो: हरिभूमि

हिसार। पुलिस अधिकारी बनकर ठगी करने का आरोपी। फोटो: हरिभूमि

पुलिस अधिकारी बनकर गुमशुदा लड़की को ढूंढने के नाम पर ठगी मामले में आरोपी काबू

हिसार। हिसार साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन गुमशुदा लड़की की एफआईआर देखकर दिल्ली पुलिस का अधिकारी बनकर पांच हजार की ठगी मामले में एक आरोपी को पकड़ा है। उसकी पहचान मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले के भदरई निवासी विनीत के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने पुलिस थाना में उसकी लड़की के गुमशुदा होने के बारे में केस दर्ज करवाया था। पुलिस कार्यालय में स्थापित फीडबैक सेल द्वारा शिकायतकर्ता से केस के बारे फीडबैक लिया गया जिसमें शिकायतकर्ता व्यक्ति ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने दिल्ली पुलिस का कर्मचारी बन उसकी गुमशुदा लड़की को ढूंढने के बहाने से पांच हजार रुपये को ठगी की है। इस पर साइबर थाना हिसार में ठगी के बारे केस दर्ज करके कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी विनीत को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है।

हिसार। गांव स्याहड़वा में गोदाम पर कार्रवाई करती सीएम फ्लाइंग की टीम।

हिसार में सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई से अफरातफरी

- स्याहड़वा गांव में अवैध गेहूं भंडारण पर छापा
- 631 क्विंटल गेहूं जब्त, 1.02 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव स्याहड़वा में शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने गुप्त सूचना के आधार पर एक गोदाम पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में गठित टीम ने गोदाम से अवैध रूप से स्टॉक किए गए 631 क्विंटल गेहूं को बरामद किया और मार्केट फीस व जुर्माने के रूप में 1 लाख 2 हजार रुपये वसूल किए। इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि स्याहड़वा गांव निवासी जगमेंद्र सिंह ने अपने गोदाम में बिना लाइसेंस और मार्केट फीस जमा किए भारी मात्रा में गेहूं का स्टॉक किया हुआ है। इस सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने एक विशेष टीम गठित की, जिसमें सब-इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एएसआई सुरेंद्र, मार्केट कमेटी हिसार के सचिव शिवकुमार और मंडी सुपरवाइजर विक्रम कुमार शामिल थे। टीम ने शुक्रवार सुबह स्याहड़वा गांव में जगमेंद्र सिंह के गोदाम पर छापा मारा। गोदाम के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वहां 631 क्विंटल गेहूं अवैध रूप से स्टॉक किया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि जगमेंद्र सिंह के पास मार्केट कमेटी का कोई वैध लाइसेंस नहीं था, न ही उन्होंने स्टॉक किए गए गेहूं का कोई रिकॉर्ड रखा था। इसके अलावा, मार्केट फीस और अन्य अनिवार्य शुल्क भी जमा नहीं कराए गए थे। सीएम फ्लाइंग ने गोदाम में रखे गेहूं की विस्तृत जांच की और नियमों के उल्लंघन के तहत कार्रवाई शुरू की।

दी सख्त चेतावनी

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना मार्केट कमेटी के लाइसेंस और मार्केट फीस जमा किए गेहूं या अन्य अनाज का अवैध भंडारण न करे। ऐसा करने वालों के खिलाफ सरकारी नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने व्यापारियों को सलाह दी कि यदि कोई अनाज का भंडारण करना चाहता है, तो उसे मार्केट कमेटी से वैध लाइसेंस प्राप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि सीएम फ्लाइंग ऐसी अवैध गतिविधियों पर नजर रखेगी और सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करेगी।

लंबित व अनट्रेस मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष टीम का गठन करने के निर्देश

- कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में ली
- अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से जुड़े मामलों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय हिसार स्थित सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की अनुपालना को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कैबिनेट मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि एससी/एसटी एक्ट के तहत लंबित व अनट्रेस मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष टीम का गठन किया जाए। उन्होंने उपायुक्त अनीश यादव की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि वे एक सक्षम और सक्रिय अधिकारी हैं। कैबिनेट मंत्री ने निर्देश दिए कि किसी नशा मुक्ति केंद्र को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जाए तथा जिला स्तरीय समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। बैठक में हांसी विधायक विनोद भयाणा, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, भाजपा हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, नगराधीश हरिराम, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर, एक्सईएन शशीकांत, कमेट के गैर सरकारी सदस्य धूप सिंह नंबरदा आदि रहे।

हिसार। बैठक की अध्यक्षता करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो: हरिभूमि

46 को एससी/एसटी एक्ट के तहत दी आर्थिक मदद

बैठक में बताया गया कि एक फरवरी से 30 अप्रैल तक 46 पीड़ितों को एससी/एसटी एक्ट के तहत आर्थिक सहायता दी गई है। लोक अभियोजकों को निर्देशित किया गया कि वे अदालत में चालान प्रस्तुत करते समय सभी आवश्यक तथ्यों और जानकारी का उल्लेख करें। कैबिनेट मंत्री को पिछले 10 वर्षों में पीड़ितों को दी गई आर्थिक सहायता, पिछले तीन वर्षों में विशेष न्यायालयों द्वारा मामलों की स्थिति रिपोर्ट तथा डीएसपी स्तर के अधिकारियों द्वारा मामलों की जांच रिपोर्ट से भी अवगत करवाया गया।

अवैध पिस्तोल व दो जिंदा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

हिसार। स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने सेक्टर 16-17 बिजली घर के पास से एक व्यक्ति को अवैध पिस्तोल व दो जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। मुख्य सिपाही विक्रांत ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर सेक्टर 16-17 बिजली घर के पास से एक युवक को शक के आधार पर पूछताछ की तो उसने अपना नाम गांव लाडवा निवासी राममेहर बताया। तलाशी लेने पर उक्त राममेहर के कब्जे से एक अवैध पिस्तोल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामद अवैध पिस्तोल और जिंदा कारतूस कब्जे में लेकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

चेयरमैन ने जूस पिलाकर खत्म करवाई भूख हड़ताल

नारनौंद। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर फायर व नगर पालिका के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नगर पालिका के प्रांगण में 11 सदस्यों ने एकदिवसीय भूख हड़ताल रखी। इसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान मंसाराम के द्वारा किया व संचालन नरेश कुमार ने किया। शुक्रवार को भूख हड़ताल पर नगर पालिका से मंसाराम, नरेश कुमार, सुंदर, संतोष, रामकली, जसबीर श्योकंद, सतीश कुमार,देवेंद्र लोहान व कौशल विभाग से अजीत लोहान, दीपक बैरागी बैठे। नगर पालिका चैयरमैन शमशेर कूकन, पार्षद देवेन्द्र गोलू, संदीप वकील ने जूस पिलाकर हड़ताल को समाप्त करवाया। इससे पूर्व धरने को एसकेएस ब्लॉक प्रधान रोहतास शर्मा, सचिव मास्टर योगेंद्र माजरा विकास गौतम द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने बताया कि अगर हमारी मांगों को जल्दी पूरा नहीं किया गया तो हम बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

बरसात से पहले जीटी की सफाई के दिए निर्देश

स्वच्छता के लिए हर वार्ड में बनेगी कमेटी

- नगर निगम के मुख्य सभागार में स्वच्छता पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम के मुख्य सभागार में स्वच्छ भारत मिशन, हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र की अध्यक्षता में जिलास्तरीय स्वच्छता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह ने किया। कार्यशाला के दौरान नगर निगम, नगर परिषद हांसी, नगर पालिका बरवाला, उकलाना, नारनौंद के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने कहा कि आपके द्वारा अभियान चलाएं जाएंगे तभी तो जन आंदोलन बनाकर स्वच्छ भारत मिशन का स्वप्न पूरा होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के कार्यों लेकर हर पहलुओं पर कार्य हो इसके लिए कार्य विभाजन करना आवश्यक है। नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका कचरा उठाना से लेकर प्रोसेसिंग के कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करें कि एजेंसी को जो कार्य दिया गया है एजेंसी उस कार्य को कर रही है या नहीं। स्वच्छता को लेकर चेयरमैन ने अधिकारियों को आदेशित किया कि नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिका अपने-अपने क्षेत्र में वार्ड वाइज स्वच्छता वार्ड कमेटियों का गठन करें। जोकि प्रत्येक महीने वार्ड में जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करें।

हिसार। बैठक को संबोधित करते स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र। फोटो: हरिभूमि

ली जानकारी

इससे पूर्व कार्यशाला को संबोधित करते हुए चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों की जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह ने पीपीटी के माध्यम से नगर निगम हिसार में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि शहर में स्वच्छता लेकर जनप्रतिनिधियों, विधायक, मेयर तथा समाजसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाए गए है।

कान्स के रेड कारपेट पर वॉक करने वाली

सबसे युवा भारतीय एक्ट्रेस बनीं नितांशी

इन सेलेब्स ने भी बनाया कान्स में रिकॉर्ड

78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इस समय दुनियाभर में छाया हुआ है। देश-दुनिया से कई कलाकार इस भव्य समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। इसी बीच भारत की नितांशी गोयल इस साल इस फेस्टिवल में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बन गई हैं। चलिए आपको बताते हैं इससे पहले सबसे कम उम्र के कौन-कौन से कलाकार इस फेस्टिवल में शामिल हो चुके हैं।

युया यागिरा

साल 2004 में जापान के युया यागिरा ने महज 16 साल की उम्र में 'नोबडी नोज'फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता था।

लुई माले

वहीं. 1956 में फ्रेंच डायरेक्टर लुई माले को 24 की उम्र में 'द साइलेंट वर्ल्ड' के लिए पाल्म डी'ओर से नवाज़ा गया था।

वलेरिया कोट्टो और ब्रुकलिन प्रिंस

2017 में फिल्म 'द फ्लोरिडा प्रोजेक्ट'के लिए महज 6 साल की उम्र में वलेरिया कोट्टो और 7 साल के ब्रुकलिन प्रिंस ने भी फेस्टिवल में शिरकत की थी।

अवनीत कौर

2024 में भारतीय एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 'लव इन वियतनाम'का पोस्टर लॉन्च कर 22 साल की उम्र में अपने डेब्यू से सबका ध्यान खींचा था।

एजेंसी ▶▶| पेरिस

78वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल रेड कार्पेट पर उतर चुकी हैं। इसके साथ ही वो सिर्फ 17 साल की उम्र में कान के रेड कार्पेट पर उतरने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री भी बन गईं। ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में नीतांशी का लुक काफी वायरल हो रहा है। नीतांशी ने कान में अपने डेब्यू पर खुशी जताते हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की है।

नितांशी ने इंस्टाग्राम पर जाहिर की खुशी

कान्स की रेड कार्पेट पर अपने डेब्यू से उत्साहित नीतांशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में नितांशी ने लिखा, 'मैंने कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक किया। यह कहना अभी भी एक सपना लगता है। इस मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान है, जिसे मैं हमेशा संभालकर रखूंगी। मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे दर्शकों को - मुझे प्यार करने, मेरा मार्गदर्शन करने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह सिर्फ मेरा पल नहीं है, यह हमारा है।'

ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

नितांशी गोयल कान में फिल्म डोजियर 137 की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। कान के अपने डेब्यू में नितांशी मोनिका और करिश्मा के डिजाइन किए हुए ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर गाउन में नजर आईं। जिसमें भारी गोल्डन एम्ब्रॉइडरी थी। कान के लिए उन्हें श्रे और ऊर्जा ने स्टाइल किया था। नितांशी ने अपने लुक को चोकर नेकलेस, स्टड ईयरिंग्स और एक सटल हेयरस्टाइल के साथ बेहद खूबसूरती से कंप्लीट किया।

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों को दिया ट्रिब्यूट

नितांशी के रेड कार्पेट लुक के अलावा उनका ट्रेडिशनल इंडियन लुक भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आइवरी साड़ी पहनकर इंडियन सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों को ट्रिब्यूट दिया। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बालों में एक खूबसूरत हेयर एक्सेसरी लगा रखी थी। जिसमें मोतियों की माला लगी हुई थी और इसमें छोटे-छोटे फ्रेम लगे हुए थे। इन फ्रेम में मधुबाला, रेखा, श्रीदेवी, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, वहीदा रहमान और नूतन जैसी मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरें लगी हुई थीं। नितांशी का यह लुक काफी वायरल हुआ और लोगों ने इसे खूब पसंद किया।

रॉबर्ट ने अनुपम खेर को किया किस

हॉलीवुड के दिग्गज स्टार रॉबर्ट डी नीरो को कान्स फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें बधाई देते हुए एक्टिंग का गॉडफादर बताया था और अपना दोस्त भी कहा था। अब कान्स में अनुपम खेर की मुलाकात रॉबर्ट से हुई है, जिसका एक शानदार वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर को गाल पर चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डी नीरो से मिलते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि वह रॉबर्ट से मिलकर बहुत खुश हैं और वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उनके जैसा दोस्त मिला। इसके अलावा अभिनेता ने कहा कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं कि वो जब भी मिलते हैं तो उसी गर्मजोशी से शुरू होते हैं, जैसे पिछली बार मिले थे। इतना कहने के दौरान अनुपम खेर, रॉबर्ट से गले मिलते हैं और रॉबर्ट उन्हें एक प्यारा सा किस गाल पर करते हैं। अनुपम खेर ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि उनका कान के दौरान सबसे महान अभिनेता से गले मिलना हुआ। इसके आगे अभिनेता ने कहा, 'कान में अपने दोस्त रॉबर्ट डी नीरो, उनकी पत्नी टिफनी और उनकी खूबसूरत बेटी जिया से मिलना सबसे अद्भुत एहसास था। उनके प्यार और स्नेह ने मेर दिल को छू लिया। कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन पर सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डी'ओर पुरस्कार जीतने के लिए उन्हें बधाई।'

आखिर क्या है कान्स फिल्म फेस्टिवल, कब शुरू हुआ और क्या है इसका इतिहास

दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह ' कान्स फिल्म फेस्टिवल' है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हर साल फ्रांस के कान में किया जाता है। प्रतिष्ठित 78वां कान फिल्म महोत्सव 13 मई से 24 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह फेस्टिवल पूरे 12 दिनों तक चलेगा, जिसमें कुछ ग्रैंड फिल्म स्क्रीनिंग की जाएगी।

किसने शुरू किया और क्यों?

कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत फ्रांस सरकार और फ्रांसीसी सिनेमा उद्योग ने मिलकर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व सिनेमा को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और विभिन्न देशों की संस्कृतियों को फिल्मों के माध्यम से एक-दूसरे के करीब लाना था। उस समय, इटली में वेनिस फिल्म फेस्टिवल बहुत लोकप्रिय था, लेकिन फ्रांस ने एक ऐसा समारोह शुरू करना चाहा, जो कला और स्वतंत्र सिनेमा को प्राथमिकता दे। इस तरह, कान्स फिल्म फेस्टिवल की नींव रखी गई।

कहां होता है: कान्स फिल्म फेस्टिवल न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि यह कला, संस्कृति और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है, जो हर साल दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। कान्स, हर साल फ्रांस के खूबसूरत शहर कान में आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां नई और रचनात्मक फिल्मों को प्रदर्शित किया जाता है।

कब हुआ शुरू - कान फिल्म फेस्टिवल? : कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत साल 1946 से हुई थी। पहला समारोह 20 सितंबर से 5 अक्टूबर 1946 तक आयोजित किया गया था। हालांकि, इसे 1939 में शुरू करने की योजना थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था।

हर साल कान में होता है यह भव्य फिल्म फेस्टिवल?

कान्स फिल्म फेस्टिवल हर साल मई महीने में आयोजित किया जाता है, जो लगभग 10-12 दिनों तक चलता है। इसका उद्देश्य नई फिल्मों को दुनिया के सामने लाना। फेस्टिवल में विश्व भर की बेहतरीन फिल्में दिखाई जाती हैं, जिनमें से कई को पुरस्कार मिलते हैं, जैसे 'पाम डी'ओर', जो सबसे बड़ा पुरस्कार है। एक तरह से कहा जाए तो सिनेमा की कला को सम्मान देना और समारोह में रचनात्मकता, कहानी कहने की कला और सिनेमाई तकनीकों को बढ़ावा देना होता है।

कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत पवेलियन का उद्घाटन

गुरुवार को 78वें कान फिल्म महोत्सव में भारत पवेलियन का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह भारत के बढ़ते वैश्विक सिनेमा की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के दौरान फिल्म निर्माता और इफ्फी और एनएफडीसी के निदेशक शेखर कपूर मौजूद रहें। उनके साथ अनुपम खेर और राजदूत और राजनयिक संबंधों के लिए विशेष प्रतिनिधि ऐनी-लुईस मेसाडियू भी शामिल हुए।

अनुपम खेर ने साझा किए विचार

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें भारतीय सिनेमा के सफर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'मैं अपने देश से आठ साल छोटा हूं और हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। हमने वाकई बहुत अच्छा किया है। यह मेरा कान में पहला मौका है।

आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर किया भावविभोर

आस्था गिल ने गाया 'सारे जहां से अच्छा': इस अवसर पर मशहूर भारतीय गायिका आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच पर मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास के रूपज्योति ब्रह्म कारजी भी मौजूद थे, जिनका सहयोग भारत-फ्रांस सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।

ऐनी-लुईस मेसाडियू ने किया स्वागत

इस दौरान अपने संबोधन में ऐनी-लुईस मेसाडियू ने कान में भारत पवेलियन का स्वागत किया। उन्होंने भारत के सिनेमाई इतिहास और सीमाओं से परे कहानियां कहने की क्षमता की प्रशंसा की। वहीं, अपने उद्घाटन भाषण में शेखर कपूर ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति और विश्व मंच पर एक रचनात्मक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला।

इफ्फी 2025 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

समारोह में 'इफ्फी 2025' का पोस्टर और ट्रेलर का लॉन्च किया गया। एनएफडीसी इंडिया के फिल्म प्रमोशन के महाप्रबंधक गौतम भनोट ने कहा, 'इफ्फी का नया पोस्टर 'कन्वर्जेंस ऑफ क्रिएटिविटी एंड टेक्नोलॉजी' का प्रतिबिंब है। भारत प्रौद्योगिकी को अपनाने और वैश्विक सामग्री निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है।'

वो सिर्फ ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं

मुंबई। हाल ही में 'द भूतनी' में नजर आईं अभिनेत्री मौनी रॉय अपने लुक में बदलाव करने और प्लास्टिक सर्जरी कराने को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। लोगों का कहना है कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है और इसी वजह से अब वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। अब ट्रोलिंग और अपने लुक में बदलाव पर मौनी रॉय ने बात करते हुए प्रतिक्रिया दी है। मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को लेकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री ने कहा, 'अब यह सब मुझे परेशान नहीं करता। मैं पहले उन्हें ब्लॉक कर देती थी। वे कितनी दयनीय जिदगी जी रहे हैं। अगर इससे उनको खुशी मिलती है, तो ऐसा ही करें। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' मौनी ने आगे कहा, 'जब कोई कैरेक्टर को लेकर गलत बोलता है, तो कभी-कभी मुझे बुरा लगता है। लेकिन, बाकी नहीं। वो केवल ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं।

अनन्या पांडे ने करवाई हिप्स की सर्जरी?

मुंबई। अनन्या पांडे बॉलीवुड में अपनी जगह बना चुकी हैं। जब वह फिल्मों में आईं तो उनकी कई वजहों से ट्रोलिंग हुई। उन्हें नेपोकिड कहा गया तो बॉडीशेम भी किया गया। अब उन्होंने कहा कि जब वह पतली थीं तो मजाक उड़ाया जाता था। अब उम्र बढ़ने के साथ शरीर भर रहा है तो भी लोग बोलते हैं कि सर्जरी करवाई है। अनन्या पांडे बोलीं, 'जब मैं फिल्मों में आई तो 18 या 19 साल की थी, मैं बहुत पतली थी। हर कोई मेरा मजाक उड़ाता था। लोग बोलते थे, 'तुम्हारे पैर मुर्गे जैसे हैं। तुम माचिस की तीली लगती हो। तुम्हारे ब्रेस्ट्स नहीं हैं, तुम्हारे हिप्स नहीं हैं।' तो पहले ये सब था।' अनन्या आगे बोलीं, 'अब मैं नैचुरली बढ़ रही हूं, मेरा शरीर भर रहा है तो लोग ये सब बोल रहे हैं, 'हो ही नहीं सकता, उसने तो अपने बट्स की सर्जरी करवाई है।

राजू और श्याम तो रहेंगे पर बदल जाएंगे 'बाबू भैया'!

मुंबई। बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में से एक 'हेरा फेरी'का तीसरा भाग लंबे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कब राजू, श्याम और बाबू भैया की तिकड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। लेकिन अब फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता परेश रावल ने फिल्म 'हेरा फेरी 3' को छोड़ दिया है। जी हां, एक्टर अब अपने फेमस किरदार बाबूराव के रूप में फैंस को एंटरटेन करते हुए नजर नहीं आएंगे। इस खबर के सामने आते ही फैंस हैरान रह गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक परेश रावल ने क्रिएटिव मतभेदों के चलते फिल्म को अलविदा कहा है। वो फिल्म की स्क्रिप्ट से खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने फिल्म को छोड़ना ही बेहतर समझा। रिपोर्ट की मानें तो परेश रावल इस सीक्वल को लेकर काफी असमंजस में थे और अंत में उन्होंने इससे हटने का फैसला ले लिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर ने फिल्म के लिए मुहुर्त शॉट भी पूरा कर लिया था। लेकिन कुछ समय पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परेश रावल ने साफ कहा था कि वह इस सीक्वल से खुद को जोड़कर खुश नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि यह किरदार अब उनके लिए एक बोझ जैसा हो गया है और वह सिर्फ इसलिए इस फिल्म को कर रहे थे ताकि प्रोजेक्ट अटका न रह जाए। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कुछ सूत्रों का मानना है कि जैसे 2022 में अक्षय कुमार के फिल्म से बाहर होने के बाद उनकी वापसी हुई थी, वैसे ही परेश रावल भी आखिरी वक्त पर वापसी कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक अब भी अगर बातचीत सही दिशा में जाती है, तो परेश को मनाया जा सकता है।

टीवी मसाला

'बड़े अच्छे लगते हैं' में अपर्णा दीक्षित बनेंगी विलेन

नई दिल्ली। टीवी की दुनिया में एक बार फिर हलचल मचने वाली है, क्योंकि एकता कपूर का चर्चित शो 'बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन जल्द ही लौट रहा है। आईपीएल खत्म होते ही ये रोमांटिक ड्रामा छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेगा। इस बार शो में एक नहीं, बल्कि कई ट्विस्ट्स और टर्न्स होंगे, जो लोगों को बांधे रखेंगे। शो की सबसे बड़ी हाईलाइट है हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी की फ्रेश जोड़ी, जिसे देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं और पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इस नई जोड़ी से रोमांस और इमोशन्स की डबल डोज मिलने वाली है। शो में तड़का लगाने आ रही हैं एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित, जो इस बार नेगेटिव रोल प्ले कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शो साइन कर लिया है और जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि अपर्णा इससे पहले 'पवित्र रिश्ता' में एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। अपर्णा दीक्षित के अलावा इस सीजन में और भी कई नए चेहरे नजर आएंगे, जिनमें शामिल हैं- ऋषि देशमुख, दिव्यांगना जैन, नितिन भाटिया, रोहित चौधरी,मानसी श्रीवास्तव,गौरव एस बजाज,खुशबू ठक्कर, ज्योति नेगी,पंकज भाटिया और आरुषि हांडा। इन सभी सितारों के साथ 'बड़े अच्छे लगते हैं' का ये नया चैप्टर पहले से भी ज्यादा ग्रिपिंग और ड्रामाटिक होने वाला है। शो को जून 2025 में लॉन्च किया जाना है। एकता कपूर का ये नया सीजन पुराने फॉर्मेट को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश करेगा।

'वन' का फर्स्ट लुक देख दंग रह गए फैंस

नई दिल्ली। बॉलीवुड में एक नई तरह की थ्रिलर फिल्म एंट्री करने जा रही है- नाम है !वनः वन की शक्ति।' जहां आमतौर पर लव स्टोरी या ऐक्शन देखने को मिलता है, वहीं, अब लोगों को मिलेगी एक जंगल की गूंज, जिसकी कहानी पर्दे पर धड़कनों को तेज कर देगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। बालाजी मोशन पिक्चर्स और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी '**Vvan: The Force of the Forest**' अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस डेट का खुलासा फिल्म के सस्पेंस से भरे पोस्टर के साथ किया गया है। पोस्टर में लिखा है – 'जंगल फुसफुसा रहा है अब बल का प्रदर्शन होगा। यानी तैयार हो जाइए एक ऐसे थ्रिलर के लिए, जो जंगल की दुनिया में आपको ले जाएगा। फिल्म को डायरेक्ट अरुणाभ कुमार और दीपिक मिश्रा ने किया है। 'वन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक पावरफुल लेकिन अनजाने किरदार में नजर आने वाले हैं, वहीं तमन्ना भाटिया का किरदार भी बहुत ही दिलचस्प और साहसी है। टीजर में तमन्ना को नंगे पांव, हाथ में जलती मशाल लिए जंगल की ओर दौड़ते दिखाया गया है। ये सीन ही

लोगों को फिल्म की इंटेंसिटी का एहसास करा देता है। फिल्म का कॉन्सेप्ट एकदम नया है। जंगल, रहस्य, शक्ति और रोमांच के इर्द-गिर्द बुनी गई इस कहानी को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। 'वन' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एक्सपीरियंस बनने जा रही है। मेकर्स ने हाल ही में तमन्ना भाटिया का एक टीजर भी शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उनके किरदार की झलक ने ये साफ कर दिया है कि वो फिल्म में केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि एक शानदार रोल प्ले कर रही हैं।

'टायॅलेट एक प्रेम कथा' में उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया

इन फिल्मों में दिखी छोटे शहरों की झलक, कहानी का बने अहम हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जल्द ही राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी वाराणसी के एक प्रेमी जोड़े की है। फिल्म जरूर टाइम लूप पर है लेकिन इस कहानी के साथ वाराणसी शहर की खूबसूरत झलक भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'भूल चूक माफ' के अलावा भी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें छोटे शहरों की झलक मिली और ये कहानी का अहम हिस्सा भी बने।

बरेली की बर्फी

अश्विनी अय्यर तिवारी ने फिल्म 'बरेली की बर्फी (2017)' निर्देशित की थी। फिल्म की कहानी बरेली की एक लड़की बिट्टी मिश्रा (कृति सेनन) की थी। इस फिल्म में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए। इस कहानी में बरेली शहर, वहां की भाषा और लोगों का मस्तमौला मिजाज नजर आया।

तनु वेड्स मनु

कंगना रनौत स्टारर फिल्म 'तनु वेड्स मनु(2011)' में भी कानपुर का रंग-ढंग दिखा। फिल्म को आनंद एल रॉय ने निर्देशित किया था। निर्देशक ने फिल्म की कहानी को कानपुर शहर के साथ बड़ी की शानदार ढंग से दिखाया था। इस फिल्म में आर माधवन, जिम्मी शेरगिल जैसे एक्टर्स भी अहम किरदार में नजर आए।

दम लगा के हइशा

आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' में 1995 के हरिद्वार को दिखाया गया था। हरिद्वार के घाट, गंगा जी और 90 के दशक का रंग-ढंग इस फिल्म में नजर आया। उस दौर के गाने भी इस फिल्म में सुनने को मिले। इस फिल्म को शरत कटारिया ने निर्देशित किया था।



टॉयलेट एक प्रेम कथा

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'टायॅलेट एक प्रेम कथा(2017)' में तो उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया गया। फिल्म की कहानी का मकसद गांव-देहातों में खुले में शौच की आदत में सुधार लाना था। श्री नारायण सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भूमि पेडनेकर ने अक्षय कुमार के किरदार की पत्नी का रोल किया था।

जॉली एलएलबी 2

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'जॉली एलएलबी 2(2017)' में लखनऊ शहर, वहां की कोर्ट-कचहरी दर्शकों को देखने को मिली। सुभाष कपूर निर्देशित इस फिल्म में अक्षय ने एक वकील का किरदार किया, हुमा कुरैशी पुष्पा पांडे के रोल में नजर आईं।



इन फिल्मों में भी दिखीं अलग-अलग शहरों की झलक

- फिल्म 'उड़ान (2010)' में भी जमशेदपुर दिखाया गया है। फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में रोनित रॉय, राम कपूर जैसे कलाकार नजर आए।
- साल 2013 में रिलीज हुई आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'रांझणा' में भी वाराणसी शहर कहानी का अहम हिस्सा था। फिल्म में लीड रोल में सोनम कपूर और धनुष नजर आए।
- मसान (2015) फिल्म में भी वाराणसी शहर के रहने वाले कुछ लोगों की दिल को छू लेने वाली कहानियां दिखीं। इस फिल्म को नीरज घेवान ने निर्देशित किया था।
- शुद्ध देसी रोमांस (2013) में भी जयपुर शहर के खूबसूरत रंग नजर आए। इस फिल्म में लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर नजर आए। इसी तरह 'केदारनाथ' फिल्म में केदारनाथ धाम की झलक मिलीं।

खबर संक्षेप

बिना इंटर्नशिप के तीन वर्षीय डिग्री पूर्ण नहीं

बरवाला। राजकीय महाविद्यालय बरवाला में इंटर्नशिप ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को कोर्स के दौरान इंटर्नशिप करना अनिवार्य किया गया है। कॉलेज प्राचार्य दलबीर गिल ने कहा कि सभी प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इस जून महीने की छुट्टियों में अपनी इंटर्नशिप कर सकते है । सरकार ने सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों की इंटर्नशिप करवाने के आदेश दे दिए है । बिना इंटर्नशिप के तीन वर्षीय डिग्री पूर्ण नहीं मानी जाएगी।

आईटीआई बरवाला में छात्रों को किया जागरूक

बरवाला। आईटीआई बरवाला में डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, बरवाला की टीम हेल्थ इंस्पेक्टर विनय कुमार सेतिया और एमपीएचडब्ल्यू अजय व नरेश ने भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग की इस टीम ने आईटीआई स्टाफ की उपस्थिति और सहयोग से सभी विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा और डेंगू से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को डेंगू की रोकथाम, लक्षण, इलाज व बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

पंचायत चुनाव को लेकर वार्डों की सीटें निर्धारित

आदमपुर। मंडी आदमपुर में 20 वार्ड बनाए गए हैं तथा जवाहर नगर में 17 वार्ड बनाए गए हैं। मंडी आदमपुर में दो सीट एससी-एसटी के लिए तथा तीन सीट बीसीबी के लिए आरक्षित की गई है। इसी तरह लाइनपार जवाहर नगर में 6 सीट बीसी ए तथा दो सीट बीसीबी तथा एससी के लिए एक सीट आरक्षित रखी गई है। ध्यान रहे आदमपुर में 2 साल पहले नगर पालिका बनाई गई थी तथा नगर पालिका के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने आदमपुर को फिर से पंचायत बनाने की घोषणा की थी। तब से लोगों को पंचायत चुनाव का बेसब्री से इंतजार था।

कल सम्यक दृष्टि पर आधारित होगा ध्यान सत्र

हिसार। सम्यक दृष्टि का महत्व समझाने और सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए ओशो ध्यान उपवन में 18 मई को ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय ने बताया कि मां सांची ध्यान विधियों का महत्व समझाएंगी और उनका अभ्यास भी करवाएंगी।

गर्ल्स सरकारी स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम

बरवाला। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित बारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय बरवाला की छात्राओं ने इतिहास रचते हुए सफलता का परचम फहराया है। विद्यालय की दो छात्राओं, मीनाक्षी ने वाणिज्य संकाय एवं काजल ने कला संकाय में पूरे हिसार जिले में क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करके स्कूल का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की 43 छात्राओं ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की है।

निशुल्क सिलाई सेंटर मेहंदी कोर्स का शुभारंभ कल

उकलाना। आशीर्वाद समृद्धि फाउंडेशन हरियाणा द्वारा निशुल्क सिलाई केंद्र एवं मेहंदी कोर्स का शुभारंभ 18 मई को गांधी बस्ती में किया जाएगा। इसका शुभारंभ रविंद्र गोयल दिल्ली वाले तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण फ्रंड करेंगे। कार्यक्रम में भजन सम्राट सुभाष कालवे अपनी प्रस्तुति देंगे।

तहबाजारी टीम ने हटवाया अतिक्रमण

हिसार। नगर निगम के तहबाजारी टीम ने शुक्रवार को टीम के अतिक्रमण हटाने की शुरुआत मधुबन पार्क के सामने से की। इसके बाद टीम ने बालसमंद रोड और रेलवे स्टेशन के सामने से अतिक्रमण हटवाया। इसके अलावा आजाद नगर मेन रोड से भी अतिक्रमण हटवाया गया। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस दौरान तहबाजारी टीम द्वारा मुनादी करके अतिक्रमण न करने की अपील भी की गई।

निर्माण कार्यों में गति लाते हुए उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश

आईएएस अधिकारी अमनीत ने विकास कार्यों की ली जानकारी

गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देती वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं हिसार जिले की प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं हिसार जिले की प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने हिसार जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गति लाते हुए उन्हें समयबद्ध ढंग से पारदर्शिता के साथ पूरे करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाए।

बैठक में उन्हें अधिकारियों की ओर से अवगत करवाया गया कि हिसार बाइपास से गांव हिंदवान के मोड़ तक सडक़ मार्ग की फॉरलेनिंग का कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। यह कार्य आगामी 12 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सातरोड के समीप रेवाड़ी-बठिंडा रेलवे लाइन पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का 88 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। सुरेवाला चौक से उकलाना मार्ग पर जाखल-हिसार रेलवे लाइन के आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) का 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। न्योली कलां तथा हिसार स्टेशन के समीप हिसार साउदर्न बाईपास रोड पर दो लेन के आरओबी के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसी प्रकार से हिसार शहर में राजस्व कॉलोनी के निर्माण कार्य का 55 प्रतिशत हिस्सा पूर्ण किया जा चुका है। लोक निर्माण विभाग के नए विश्राम गृह का निर्माण भी प्रगति पर है और अब तक 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

गांव बीड़ में निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड कंपलेक्स, जिसमें ऑब्जर्वेशन होम, स्पेशल होम, सुरक्षा स्थल एवं चिल्ड्रन होम शामिल हैं, के भवन निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। हांसी शहर में प्रथम एवं द्वितीय जलघर के रिनोवेशन और अपग्रेडेशन कार्य का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पूर्ण किया जा चुका है। यह कार्य नागरिकों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

बैठक में उपायुक्त अनीश यादव, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद एसडीएम मोहित महराणा, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम शालिनी चेतल, नगराधीश हरिराम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विकास कार्यों की भी समीक्षा की

बैठक में आदमपुर में जलापूर्ति, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा सीवरेज लाइनों के निर्माण संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। इसी प्रकार से गांव गंगवा में जलापूर्ति, सीवरेज व्यवस्था व ट्रीटमेंट प्लांट, गांव सदलपुर में महाग्राम योजना के तहत सीवरेज संबंधी कार्यों पर भी चर्चा कर इन्हें जल्द पूरा कराने की हिदायत दी गई।

गेंहू खरीद की दी जानकारी

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक की तरफ से बैठक में अवगत करवाया गया कि मंडियों में फसल खरीद तथा भुगतान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। पिछली बार 4 लाख 85 हजार 325 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई थी, जबकि इस वर्ष 5 लाख 12 हजार 945 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसमें से 96 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है, जबकि 99 प्रतिशत खरीदी गई फसल की अदायगी भी की जा चुकी है।

विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस का उद्देश्य कृषि पर्यटन को बढ़ावा देना : प्रो. काम्बोज

हिसार। पौधरोपण करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज व अन्य।

- 18वें विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18वें विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एग्री टूरिज्म सेंटर और लैंडस्केप यूनिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस हर साल 16 मई को मनाया जाता है। यह दिन कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने और स्थानीय संस्कृतियों को संरक्षित करने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि विश्व एग्री-टूरिज्म दिवस का उद्देश्य कृषि पर्यटन को बढ़ावा देना है। कृषि पर्यटन ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए अवसर पैदा करता है जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। कृषि पर्यटन स्थानीय संस्कृति, कला और परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, एग्री-टूरिज्म सेंटर के अध्यक्ष डॉ. अरविंद मलिक भी मौजूद थे।

आरोही मॉडल स्कूल गैबीपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शानदार

बरवाला। आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गैबीपुर का 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल प्राचार्या उपासना दुहन ने बताया कि छात्रा रितिका ने 93 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल में प्रथम स्थान और छात्र योगेश ने 90.4 प्रतिशत अंक हासिल करके द्वितीय स्थान तथा छात्रा वर्षा ने 88.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल करके अपने माता-पिता, गुरुजनों व स्कूल का नाम रोशन किया। कुल आठ बोर्ड मेरिट के साथ स्कूल का कुल वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्राचार्या ने इस शानदार परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व लगन और स्टाफ की मेहनत तथा माता-पिता को दिया।

मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विवि

- कल ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय।

मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने के लिए 18 मई को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य 12वीं कक्षा में उतीर्ण हुए मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना और विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना व उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनके 12वीं कक्षा के बेहतरीन परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि इस समारोह में विद्यार्थियों को शिक्षा से जुड़ी हर सम्भव जानकारी, मार्गदर्शन व सहायता मिलेगी। इस समारोह के माध्यम से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय विधार्थियों को उज्जवल भविष्य कि ओर अग्रसर करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा भी विचारों का आदान प्रदान किया जाएगा।

हांसी। पुण्योदय तीर्थ क्षेत्र स्थल का भ्रमण करते एसडीएम मार्डन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी । फोटो :हरिभूमि

विद्यार्थियों ने किया पुण्योदय तीर्थ क्षेत्र स्थल का भ्रमण

हांसी। एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को पुण्योदय तीर्थ क्षेत्र हांसी की ऐतिहासिक शैक्षणिक यात्रा की। इसमें इतिहास की अध्यापिका सुमन झाम्ब द्वारा विचारक, विश्वास व इमारतें' इतिहास के पाठ से संबंधित 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी पार्श्वनाथ की हांसी किले से प्राप्त प्रतिमाओं की जानकारी दी गई। दस साल तक जैन प्रतिमाएं संग्रहालय में संग्रहित रखने के बाद जैन समाज को सौंपी गई कुल 57 मूर्तियां हांसी किले से प्राप्त हुई थीं। जिसमें से पांच मूर्तियां पुण्योदय तीर्थ क्षेत्र व बाकी पंचायती दिगंबर जैन मंदिर में स्थापित हैं। प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, केशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने इस शैक्षणिक भ्रमण यात्रा की सराहना की।

ट्रेडिंग के नाम पर 23.54 लाख की धोखाधड़ी में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हांसी। ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

साइबर क्राइम पुलिस ने व्हाट्सएप पर ट्रेडिंग करने के नाम पर 23 लाख 54 हजार रुपये की धोखाधड़ी मामले में दो आरोपी जालंधर की मॉडल टाउन कॉलोनी निवासी अमित व पंजाब के मोहाली जिले के गांव नया गांव निवासी समीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपियों ने काठ मंडी निवासी अजय के व्हाट्सएप पर 2 जून को एक व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज भेजकर, अपने आपको धन फाइनेंसियल कंपनी के कर्मचारी बताया था। सभी सदस्य ग्रुप में अपना प्रॉफिट दिखाते थे। आरोपियों द्वारा ग्रुप में लिंक भेजकर, भेजे गए लिंक पर डिमैट अकाउंट खुलवा कर, शेयर मार्केट में रुपयों को डबल करने का लालच देकर, बाद में अकाउंट को ब्लॉक करवाने व जुर्माना लगाने के नाम 23 लाख 54 हजार 60 रुपए की धोखाधड़ी की थी। साइबर थाना क्राइम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

हिसार से चंडीगढ़ के लिए पहली सीधी ट्रेन सेवा आज होगी रवाना

हिसार। हरियाणा के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। शनिवार 17 मई को रायपुर (हिसार) से चंडीगढ़ और सातरोड से गुरुग्राम के लिए दो नई रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाई जाएगी। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजकर 30 बजे हिसार रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक मौके पर हिसार की विधायक सावित्री जिंदल और कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल संयुक्त रूप से दो ट्रेनों को रवाना करेंगे। यह पहल हरियाणा, विशेष रूप से हिसार के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि 1966 में हरियाणा बनने के बाद पहली बार हिसार को अपनी राजधानी चंडीगढ़ से सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलने जा रही है।

सीनियर वर्ग में हरप्रीत की टीम रही प्रथम, पुरस्कार देकर किया सम्मानित

- जाट कॉलेज में फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। जाट कॉलेज प्रिंसिपल कपेंद्र सिंह के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

जाट कॉलेज में तीन दिनों से चल रही फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह में जाट कॉलेज के प्रिंसिपल कपेन्द्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। अंडर 10 में प्रथम स्थान पूर्व की टीम, पूर्व को बेस्ट प्लेयर चुना गया, अंडर 14 प्लस 17 में मयंक की टीम की प्रथम तथा अंशु को बेस्ट प्लेयर चुना गया। ऐसे ही सीनियर वर्ग में हरप्रीत की टीम प्रथम तथा हरप्रीत को बेस्ट प्लेयर चुना गया है। उन्होंने लीग में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से तीन दिनों तक चली इस फुटबॉल लीग में खिलाडिय़ों ने खेल भावना का प्रदर्शन किया है, वह काबिलेतारीफ है। प्रवीण राजोरिया ने बताया कि समय-समय पर इस प्रकार की लीग जाट कॉलेज ग्राउंड पर करवाते रहते हैं। लीग के कारण छात्रों में प्रतियोगिता की भावना तो आती ही है साथ ही साथ जीत के प्रति जज्बा और खेल भावना भी बढ़ती है। इस दौरान डॉ. सुरेन्द्र सिंह कड़वासरा, डॉ. महेश ख्यालिया, कोच अश्वनी कुमार, जगदीश श्योराण, संदीप सिंह, डॉ. राकेश शर्मा आदि रहे।

मजदूर का अपहरण कर मोबाइल छीना

बरवाला। क्षेत्र में एक मजदूर के साथ मारपीट, लूट और अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित ब्यानाखेड़ा गांव निवासी रामकेश का कहना है कि चार लोगों ने ढाढ रोड पर उनकी गाड़ी रोककर उनके साथ बर्बर मारपीट की, उन्हें अपने घर ले जाकर कमरे में बंद किया और उनके पैसे व फोन छीन लिए। रामकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस सुबह करीब 7-8 बजे, वह अपने गांव के अजीत के छोटा हाथी वाहन में बैठकर बछड़े और गाय को गोशाला छोड़ने जा रहे थे। जब वे ढाढ रोड पर पहुंचे, तभी एक पिकअप गाड़ी में सवार राजेश, राजेंद्र और राजबीर ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी।

हिसार। सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते सीजेएम अशोक कुमार।

सखी वन स्टॉप सेंटर का सीजेएम ने किया निरीक्षण

हिसार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अशोक कुमार ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को महिलाओं व बच्चों की मदद के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने उन केस रजिस्टरों की भी जांच की जिनमें हिंसा की शिकार महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी गई सेवाओं का उल्लेख था। इनमें चिकित्सा सुविधा, मानसिक परामर्श और निःशुल्क विधिक सहायता शामिल हैं। सीजेएम अशोक कुमार ने केंद्र पर मौजूद अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई भी पीड़ित महिला निःशुल्क वकील की सेवा लेना चाहती है, तो उसे सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जोड़ा जाए।

अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने मुफ्त हवाई यात्रा द्वारा अयोध्या के लिए सात बुजुर्गों को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों के वाहन को झंडी दिखाते अग्रसैन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला। फोटो :हरिभूमि

हिसार एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं पुनः बहाल होने के बाद अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने पहली बार सात बुजुर्गों को मुफ्त हवाई यात्रा द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेज दिया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने अयोध्या जाने वाले सभी बुजुर्गों को मंगलमयी यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए अग्रसेन भवन से निजी वाहन में बिठाकर झंडी दिखाकर एयरपोर्ट के लिये रवाना किया। सभी यात्रियों ने एयरपोर्ट पहुंचकर दिल्ली से हिसार पहुंचे हवाई जहाज में अपनी सीट ग्रहण की। दोपहर 1:35 बजे हवाई जहाज ने अयोध्या के लिये उड़ान भरी। अग्रसैन भवन से जाते समय सभी बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान थी। प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने शुक्रवार को बताया कि बुजुर्गों के अयोध्या पहुंचने पर वहां हवाई अड्डे पर अग्रसेन भवन से जुड़े सहयोगियों का दल मिलेगा। खाने-पीने की व्यवस्था व मंदिरों में दर्शन करवाने के बाद तीसरे दिन अयोध्या से वापसी हवाई जहाज में बिठाने का कार्य किया जाएगा। इसी तरह अगले सप्ताह 23 मई को फिर से कई बुजुर्गों को अयोध्या के लिये भेजा जाएगा। इस अवसर पर रामनिवास कोहलीवाला, एन.के.गोयल, अनिल सिंगला मंगालीवाला आदि भी उपस्थित रहे।

जिलेभर में स्वास्थ्य कर्मियों ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया

डेंगू को रोकने में जनभागीदारी जरूरी : सीएमओ

- 202 टीमें डेंगू को रोकने के लिए कर रही कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विद्यार्थियों को सम्मानित करती सीएमओ डॉ. सपना गहलावत व अन्य। फोटो :हरिभूमि

सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत की अध्यक्षता में जिला हिसार के सभी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, गांवों की पंचायतों में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। सिविल सर्जन डॉ. गहलावत ने कहा कि डेंगू को रोकने में जनभागीदारी बहुत जरूरी है तथा प्रत्येक रविवार को ड्राई डे अवश्य बनाएं और अपने आस-पास सफाई रखें। जैसे तेज बुखार आए सिविल अस्पताल में डेंगू की मुफ्त जांच करवाएं और मुफ्त इलाज प्राप्त करें। सिविल सर्जन ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों को सम्मानित किया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुभाष ख़तरेजा ने बताया कि जिला में 202 टीम डेंगू को रोकने का कार्य कर रही है। टीम घर-घर जाकर कूलर, टंकी, कंटेनर चैक करने का कार्य कर रही है और मच्छर लारवा मिलने पर चेतावनी नोटिस देने का कार्य भी किया जा रहा है। मलेरिया विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि जिला हिसार में फॉगिंग के लिए दवाई उचित मात्रा में उपलब्ध है और निगम के सहयोग से फॉगिंग का कार्य बखूबी किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

श्याम बाबा के भजनों पर आधारित संकीर्तन कल

हिसार। भक्ति व आस्था के पर्याय प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 18 मई को श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे चलने वाले इस संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया संकीर्तन के दौरान दूर-दूर के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर और आराधना करते हुए अर्जी लगाते हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की भेंट

हिसार। सर्वदलीय गौरक्षा दल एव श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट (नंदीशाला) के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन, चंडीगढ़ में शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, सर्वदलीय गौ रक्षा मंच व ट्रस्ट की संस्थापक राजश्री न्याल के नेतृत्व में महामहिम को निर्माणधीन मंदिर में पधारने के लिए निमंत्रण पत्र भेंट किया। यह प्रस्ताव सनातन संस्कृति और गौ सेवा को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया।

क्रिया योग-मेडिटेशन कार्यक्रम आज

हिसार। विश्व प्रसिद्ध पुस्तक योगीकथामृत के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद जी द्वारा स्थापित योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा 17 मई को मिडटाउन ग्रैंड में आयोजित किए जाने वाले क्रिया योग-मेडिटेशन कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस कार्यक्रम के प्रति भक्तों में काफी उत्साह है। यह जानकारी हिसार की ध्यान मंडली की अध्यक्ष शबनम हंस ने दी।

हिसार की शतरंज टीम राज्य स्तर पर चयनित

हिसार। फरीदाबाद में 17 व 18 मई से शुरू होने वाले 29वीं हरियाणा राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए आयु वर्ग 9 व 15 साल लड़के और लड़कियों की जिला हिसार की शतरंज टीम का चयन किया गया। जानकारी देते हुए जिला हिसार शतरंज संघ के पदाधिकारी डॉ. एसबी लूथरा व नीरज वर्मा ने बताया कि आयु वर्ग 9 साल में अव्यया, हर्षवर्धन सिंह, कुमार विश्वास, निखिल, रुहन, आयु वर्ग 15 वर्ष में गीतांश मेहता, कार्तिक, मीत, रूहानी, उत्तम सिंह, जानवी का चयन किया गया।

हिसार में निकाली यात्रा, भारत माता के जयकारे लगे

तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब सेना के शौर्य को नमन किया

यात्रा में राज्यसभा सांसद किरण चौधरी शामिल हुई, बोलीं- सभी को दिखा दिया है, आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति स्पष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। देशभक्ति के नाम तिरंगा यात्रा निकालते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी सहित पार्टी के अन्य नेतागण एवं नागरिक।

देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन शुक्रवार को हिसार में किया गया। एक यात्रा देशभक्ति के नाम शीर्षक से निकाली गई इस यात्रा में नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर भारतीय सेना, जल, थल और वायु सेना सहित अन्य सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। यह भव्य तिरंगा यात्रा आजाद नगर से प्रारंभ होकर लघु सचिवालय स्थित शहीद स्मारक तक निकाली गई। भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारों से गूंजता वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा के दौरान देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बलिदान को याद किया गया। लोगों ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी व कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति स्पष्ट है। आतंकवादी हमले अब सीधे युद्ध की श्रेणी में माने जाएंगे और देश हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सैन्य कार्रवाई ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। यात्रा के संयोजक नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने भारतीय महिला सैन्य अधिकारियों की सराहना की। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा शहीदों की याद में और भारत की सैन्य ताकत को सम्मान देने के लिए निकाली गई।

पैर की चोट के कारण किरण को आई दिक्कत

तिरंगा यात्रा के दौरान गर्मी अधिक थी। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी जब शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने लगी तो उनके आसपास एकदम से भीड़ ज्यादा बढ़ गई। इसके कारण किरण चौधरी को एकदम बेचैनी होने लगी। वहां मौजूद भाजपाई उन्हें एक पेड़ की छांव में ले गए और वहां उन्हें पानी पिलाया। जब उनकी हालत ठीक हुई तो वे गाड़ी में बैठकर वहां से रवाना हो गई। इससे पहले तिरंगा यात्रा में भी उन्हें चलने में दिक्कत आ रही थी। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व पैर में चोट में आज तिरंगा यात्रा में चलने के दौरान फिर से दर्द करने लगी और किरण चौधरी को तिरंगा यात्रा में चलने में दिक्कत महसूस हुई।

यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर हांसी विधायक विनोद भयाना, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, बवानी खेड़ा विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, वरिष्ठों भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल, हिसार प्रभारी जवाहर सैनी, अनिल सैनी मानी, प्रवीन जैन, संजीव गंगवा, भूपेंद्र पनिहार, भूप सिंह खिचड़, राजकुमार इंदौरा, जोगीराम खुंडिया, रामनिवास राडा, सुनीता रेडु, मुनीश ऐलावादी, गुलाब धानक, सुरेंद्र मंढ़ा, शकुंतला राजलीवाला, संजीव रेवडी, सीमा गोदारा, सतीश सुरलिया, पिंकी शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

'फुले' फिल्म को देखने पहुंचे लोग, सिनेमा हॉल हाउसफुल

हिसार। फुले फिल्म देखकर आते नागरिक। *फोटो :हरिभूमि*

- महात्मा ज्योतिबा फूले व उनकी धर्मपत्नी माता सवित्री बाई फुले के जीवन पर बनी है फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महात्मा ज्योतिबा फूले व उनकी धर्मपत्नी माता सवित्री बाई फुले के जीवन पर बनी फिल्म फुले का निशुल्क प्रसारण आबकारी निरीक्षक मुकेश सैनी द्वारा सनसिटी सिनेमा में करवाया गया। फिल्म को देखने के लिए आमजन ने भारी प्रतिभागिता कर रुचि दिखाई। मंडल आयुक्त अशोक गर्ग ने भी दर्शकदीर्घा में बैठकर फिल्म का आनन्द लिया।

फुले फिल्म देखने के बाद उन्होंने कहा कि फुले दम्पत्ति ने महिला शिक्षा के लिए ऐसे समय में आवाज उठाई जब महिला शिक्षा को महापाप समझा जाता था और उन्होंने महिला शिक्षा के लिए अनेक स्कूल खोले। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, विधवा विवाह, छुआछूत आदि के विरूद्ध भी आमजन को जागरूक किया। इस मौके पर हरियाणा गौरव अर्चना सुहासिनी ने कहा कि नारी शिक्षा को लेकर फुले दम्पति द्वारा किया गया संघर्ष अतुलनीय है। पूर्व पार्षद एडवोकेट प्रीतम सैनी ने फुले दम्पत्ति को भारत रत्न देने की मांग की। इस अवसर पर सैनी न्याय संघर्ष समिति के प्रधान महेन्द्र सैनी, प्रदीप सैनी कटारिया, प्रवीन यादव, अमन यादव, सत्यवान शर्मा, नरोत्तम गौरीवान, सुन्दर सैनी किरोडीवाल, नगर निगम सचिव राहुल, मास्टर विजय कुमार, प्राध्यापक सुभाष सैनी, कृष्ण, सुरेन्द्र, धर्मपाल यादव, सदानन्द बुगालिया, विकास हरियाणवी सातरोड व महिला शक्ति सुमन, निकिता कमलेश यादव, सरोज यादव, कृष्णा देवी मौजूद रहे।

ब्रांज मेडल जीतने पर राहुल को सम्मानित किया

हिसार। ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ डीफ द्वारा गुरुग्राम के सीआरएस स्पोर्ट्स ग्राउंड में आठवीं नेशनल डीफ मैन्स टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के हॉस्ट हरियाणा स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ डीफ व को-हॉस्ट डिविजन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ द डीफ गुरुग्राम थे। प्रतियोगिता में हिसार के ढाणी श्याम लाल बाग निवासी राहुल ने हरियाणा की टीम की ओर से हिस्सा लिया और टीम में अपना अहम योगदान देते हुए टीम को इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान दिलवाया। राहुल को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए ब्रांज मेडल दिया गया। उनकी इस उपलब्धि पर भारत विकास परिषद शहीद चन्द्रशेखर आजाद शाखा के पदाधिकारियों ने उनके आवास पर पहुंचकर उनका स्वागत व सम्मान किया।

सत्र में 1500 विद्यार्थियों ने लिया प्रशिक्षण

- अग्रोहा मेडिकल में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सत्र का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में दो दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 1500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन शुक्रवार को विद्यार्थियों को आपातकालीन ट्रॉमा की स्थिति में प्राथमिक उपचार कैसे दिया जाए, इस विषय पर विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अनुभवी प्रशिक्षकों ने विभिन्न प्रकार की आपातकालीन स्थितियों, जैसे कि सड़क दुर्घटनाएं, फ्रैक्चर, रक्तस्राव, युद्ध, आतंकी हमले और बेहोशी आदि में त्वरित और प्रभावी प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने की तकनीकों का प्रदर्शन किया और प्रतिभागियों को स्वयं अभ्यास करने का अवसर दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को जीवन रक्षक कौशल सिखाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें खुशी है कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता करने के लिए आवश्यक ज्ञान और आत्मविश्वास प्राप्त किया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना की और इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

10वीं व 12 वीं के परीक्षा परिणाम में रॉयल्स स्कूल ने लहराया परचम

- 12वीं वाणिज्य संकाय में अनिषा ने 97 .2 फीसद अंक लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सीबीएसई द्वारा जारी 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेड़ी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। 12वीं वाणिज्य संकाय में अनिषा ने 97.2 फीसद, फाल्गुनी ने 95.6 फीसद, जितेश ने 93.8 फीसद अंक लेकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कला संकाय में सृष्टि ने 94.6 फीसद, ईरा ने 93.6 फीसद, दीपिका ने 93.2 फीसद अंक प्राप्त करके क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में राहुल ने प्रथम, अभिषेक ने द्वितीय और कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में अनिषा, फाल्गुनी , जितेश , माधव, सलोनी, नवरीत, दीपिका ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अनिषा बिश्नोई ने संगीत में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सृष्टि ने भूगोल विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। राजनीति शास्त्र में ईरा ने 97, हिंदी में दीपिका ने 97, अंग्रेजी में अनिषा ने 95, अर्थशास्त्र और अकाउंट में अनिषा ने 98, बिजनेस में माधव ने 98, रसायन शास्त्र में अभिषेक ने 92 अंक लेकर विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में अक्षिता ने 95.6 फीसद, तनीषा ने 92.4 फीसद, नव्या ने 90 फीसद अंक लेकर स्कूल में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। तनीषा ने अंग्रेजी में 94, हिंदी में 91 और गणित में 98 अंक लेकर विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार अक्षिता ने विज्ञान में 97, सामाजिक विज्ञान में 98 और कंप्यूटर में 98 अंक लेकर विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, प्रशासक विक्रमादित्य ने सभी को बधाई दी।

ढाणी खान बहादुर स्कूल का रिजल्ट सराहनीय

- कड़ी मेहनत करके भविष्य में भी उम्मीद पर खरा उतरें विद्यार्थी : डॉ. सैनी
- विजेताओं को सरपंच विजय कुमार ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

हिसार। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ प्राचार्या डॉ. संगीता सैनी, सरपंच विजय कुमार, अन्य स्टाफ सदस्य व ग्रामीण।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी खान बहादुर का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अत्यंत शानदार और शत-प्रतिशत रहा है। कक्षा 12वीं में छात्रा विजेता ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में विजेता 94.2 (प्रथम), प्रदीप 88.9 (द्वितीय), रुकसाना 88 प्रतिशत के साथ (तृतीय) स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय में हेमलता 92 प्रतिशत अंक पाकर (प्रथम), पूनम 89.8 प्रतिशत (द्वितीय) व प्रियंका 78 प्रतिशत से (तृतीय) स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय में करीना और प्रीति 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ (प्रथम), किरण 84.4 प्रतिशत (द्वितीय) व मीनाक्षी 81.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धियों को विद्यालय प्रांगण में एक उत्सव के रूप में मनाया गया। इसमें सरपंच विजय कुमार, ग्राम पंचायत और एमसी के सदस्य भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों व उनके माता-पिता का भव्य स्वागत किया गया व उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. संगीता सैनी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि का श्रेय उच्च शिक्षित, कर्तव्यनिष्ठ, दृढ़ संकल्पित स्टाफ व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व लग्न तथा अभिभावकों, ग्राम पंचायत व स्कूल प्रबंधन कमेटी के सहयोग को बताया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आगे भी इसी तरह मेहनत करने व उच्च लक्ष्य प्राप्त करने की आशा रखते हुए पढ़ाई करें।

परीक्षा परिणाम में सपना और दीपिका का शानदार प्रदर्शन

- विज्ञान संकाय में सपना ने 92 .4 दीपिका ने 92 फीसद अंक पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सपना

दीपिका

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्यनगर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्राओं से बेहतरीन परीक्षा परिणाम लाकर परचम लहरा दिया है। विज्ञान संकाय में सपना ने 92.4 फीसद अंक प्राप्त करके राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं दीपिका ने 92 फीसद अंक प्राप्त करके कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अनिल यादव ने बताया कि स्कूल की कुल 101 छात्राओं में से 37 ने बोर्ड मेरिट प्राप्त की एवं सभी छात्रा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण रही। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापको एवं अभिभावकों को बधाई दी और आगे भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा दी।

पीएनडीटी एक्ट को लेकर नीमा चिकित्सकों में रोष

- निर्देशों पर नीमा ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

डॉ. साकेत शर्मा, अध्यक्ष, नीमा

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) ने हाल ही में स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा द्वारा जारी कुछ निर्देशों पर गंभीर आपत्ति जताई है। एसोसिएशन का मानना है कि किसी एक घटना या व्यक्ति के आधार पर संपूर्ण चिकित्सक समुदाय या किसी विशेष चिकित्सा पद्धति को दोषी ठहराना अनुचित और निंदनीय है। जिसका नीमा हिसार के चिकित्सकों में रोष है।

नीमा हिसार अध्यक्ष डॉ. साकेत शर्मा, सचिव डॉ. सुनील सैनी और कोषाध्यक्ष डॉ. अश्वनी खेतान ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि कोई डॉक्टर, चाहे वह किसी भी पद्धति (एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी आदि) से संबंधित हो, अवैध गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परंतु पूरे समुदाय या किसी विशेष पद्धति को संदेह के घेरे में लाना न्यायसंगत नहीं है। देशभर के लाखों चिकित्सक पूरी निष्ठा, सेवा भावना और ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में सभी पर एक साथ आरोप लगाना उनके मनोबल को ठेस पहुंचाने जैसा है। नीमा हमेशा नैतिक चिकित्सा सेवा का समर्थन करता है और किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि का विरोध करता है।

बैंक ऑफ इंडिया में बिजनेस आउटरीच कार्यक्रम कर ग्राहकों के साथ बैठक की

- व्यापार को बढ़ावा देने और अपने मूल्यवान ग्राहकों की जरुरतों को पूरा करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी अनिल कुमार वर्मा व राजेश रंजन ग्राहकों के साथ बैठक के बाद उन्हें स्मृति चिह्न देते हुए।

बैंक ऑफ इंडिया के हिसार सेंटर ने सफल व्यावसायिक आउटरीच कार्यक्रम करके ग्राहक जुड़ाव के साथ स्थानीय संबंधों को मजबूत किया। बीओआई हिसार सेंटर ने इस सप्ताह सहयोगात्मक ऊर्जा से एक व्यापक व्यावसायिक आउटरीच कार्यक्रम की सफलतापूर्वक मेजबानी की और उसके बाद एक आकर्षक ग्राहक बैठक आयोजित की। फील्ड महाप्रबंधक (एफजीएम) चंडीगढ़ अनिल कुमार वर्मा और उनकी टीम ने दो दिनों के लिए हिसार सेंटर का दौरा किया। केंद्र पर स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने और अपने मूल्यवान ग्राहकों की जरुरतों को पूरा करने की प्रतिबद्धता की जो बीओआई टीम के दृष्टिकोण को रेखांकित करती है।

बिजनेस आउटरीच कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमों की ओर से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिनमें कृषि आपूर्तिकर्ता, लघु-स्तरीय निर्माता, अस्पताल और स्कूल तथा अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों के उद्यमी शामिल थे।

विद्यार्थियों ने दसवीं व बारहवीं कक्षा में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर के छात्र छाए

- दसवीं कक्षा में गणित विषय में राघव मित्तल ने 100, आदित्य सिंगल ने 99 अंक लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर में निशुल्क शिक्षा ग्रहण करते विद्यार्थी।

बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। सीबीएसई बोर्ड के दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल करके अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया है। जैन महावीर चैरिटेबल स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन व ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि दसवीं कक्षा में गणित विषय में राघव मित्तल ने 100, आदित्य सिंगल ने 99, योगेश ने 98, प्रांशु व चिराग बसंल ने 97, कुणाल, खुशी सिंगल, दक्ष जैन, रुद्राक्ष व कपिश मित्तल ने 96, शिवकांत ने 95, राघव शर्मा ने 94, युवराज सिंह व राघव गर्ग ने 92 एवं तरुणा ने 90 अंक अर्जित किए हैं। इसी भांति विज्ञान विषय में योगेश, कुणाल, खुशी सिंगल, दक्ष जैन, रुद्राक्ष, कपिश मित्तल, हार्दिक वशिष्ट, युवराज सिंह व कीर्ति ने 90 या इससे अधिक अंक हासिल किए हैं। 15 विद्यार्थियों ने 85 से अधिक अंक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा में तमन्ना ने फिजिक्स में 95 व गणित में 94, रोहित ने केमिस्ट्री में 95 व गणित में 89, हितेश ने गणित में 90 व केमिस्ट्री में 89, प्रतिभा ने केमिस्ट्री में 95, दिशा ने 92, कीर्ति ने 91, सिमरन व हिना ने 90 और कैशी ने 89 अंक हासिल किए हैं। अनिल कुमार ने गणित में 92 अंक प्राप्त किए हैं।

मनीषा जैन व राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के तत्वावधान में संचालित जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर में वर्तमान में 200 विद्यार्थी नौवीं से बारहवीं कक्षा तक कॉमर्स व साइंस स्ट्रीम में निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।